दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़,रविवार 29 मार्च 2020

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

## हम होंगे कामयाब

प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश ने कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में जिस तरह स्वत:स्फूर्त ढंग से जनता कर्फ्यू को सफल बनाया, वह भविष्य में किसी ऐसी चुनौती से मुकाबले के लिए सुखद संकेत है। निष्कर्ष यह है कि अब भी जनता देश-समाज हित में किसी राजनेता के आह्वान को गंभीरता से लेती है। पिछले कुछ दिनों में जिस तेजी से कोरोना वायरस सं मित लोगों का आंकड़ा बढ़कर साढ़े तीन सौ तक पहुंचा है, ऐसी सजगता व स्वत: उपचारात्मक उपायों का पालन अपरिहार्य ही है। इतिहास गवाह है कि अनेक संकट की घड़ियों और महामारियों के खिलाफ भारतीय जनमानस एकजुट हुआ है। मलेरिया, चेचक और पोलियो जैसे रोगों के खिलाफ यदि हमने कामयाबी हासिल की है तो उसमें जनसहयोग की बड़ी भूमिका रही है। नि:संदेह यह हमारे लिये चेतने का समय भी है। इटली का उदाहरण हमारे सामने है कि कोरोना वायरस को गंभीरता से नहीं लेने की वजह से वहां यह महामारी का रूप ले चुका है। बावजूद इसके कि वहां जनसंख्या का घनत्व भी कम है और चिकित्सा सुविधाएं विकसित देशों के अनुरूप उन्नत किस्म की हैं। नि:संदेह भारतीयों ने स्वत: जनता कर्फ्यू को सफल बनाकर पूरी दुनिया को रचनात्मक संदेश दिया है कि हम सरकारी आदेश के बिना भी लॉकडाउन जैसी परिस्थितियां का लाभ ले सकते हैं। नि:संदेह यह कोरोना वायरस से लड़ने का लोकतांत्रिक तरीका है, जिसकी पूरी दुनिया में मिसालें दी जायेंगी। वाकई जनचेतना के बिना महामारियों से मुकाबला संभव भी नहीं है। नि:संदेह कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे के खिलाफ यात्री ट्रेनों को स्थगित करने और कोरोना सं मित पाये गये देशभर में 75 जिलों में लॉकडाउन के आदेश समय की जरूरत है। हाल के दिनों में देश में ही रहने वाले लोगों के इस वायरस से सं मित होने के मामले सामने आना खतरे की घंटी है। इससे पहले ही यह गांव-देहात के लोगों तक पहुंचे इस तरह के उपाय तर्कसंगत और जरूरी हैं। इसके लिये सरकार के प्रयास और नागरिकों की सतर्कता व एकजुटता जरूरी है। यही वजह है कि राजस्थान के बाद पंजाब में 31 मार्च तक लॉकडाउन की घोषणा की गई है, जिसके आगे भी बढ़ने की संभावना है। पंजाब सरकार विदेशों से आए अनेक ऐसे लोगों की तलाश में जुटी है जो देश में आकर लापता हो गये। इसमें दो राय नहीं है कि यदि शुरुआत में ही सावधानी बरती जाये और सख्त कदम उठा लिये जायें तो वायरस का प्रसार रोका जा सकता है। इसी कड़ी में छह कोरोना सं मित लोगों के पाये जाने के बाद चंडीगढ़ में भी लॉकडाउन की घोषणा की गई है। इस मुश्किल वक्त में केंद्र सरकार द्वारा योग्य चिकित्सकों की उपस्थिति में निजी लैबों को कोरोना वायरस की जांच की अनुमति देना स्वागतयोग्य कदम है। मुश्किल घड़ी ने हमें यह सबक तो दिया है कि देश के चिकित्सा तंत्र को चुस्त-दुरुस्त करने जरूरत है, भविष्य में हम ऐसी महामारियों का मुकाबला समय रहते बिना क्षति के कर सकें।

# एसबीआई ने अपने ग्राहकों को दिया बड़ा झटका

**» एफडी पर इतने फीसदी कम मिलेगा ब्याज**




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना वायरस के चलते देश की आर्थिक स्थिति लगातार डगमगा रही है। इसी बीच भारत के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने अपने ग्राहकों को झटका दिया है।

एसबीआई ने रिटेल टर्म डिपॉजिट यानी फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाले ब्याज में कमी कर दी है। जानकारी के अनुसार नई दरें आज से यानी 28 मार्च 2020 से लागू हो गई हैं। इससे पहले एसबीआई ने 10 मार्च को भी एफडी पर मिलने वाले ब्याज में कमी की थी। रिटेल टर्म डिपॉजिट की ब्याज दर में 20 से 50 आधार अंकों की कमी की गई है। वहीं एकमुश्त बड़ी राशि की सावधि जमा की ब्याज दर में 50 से लेकर 100 आधार अंकों तक की कटौती की गई है।

जानकारी के लिए आपको बता दें कि शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में 75 आधार अंकों की कटौती की। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी के छह में से चार सदस्यों ने रेट कट के पक्ष में वोट किया। रेपो रेट 5.15 फीसदी से घटकर 4.40 फीसदी हो गई है। रेपो रेट के काम होने से सभी तरह के कर्ज सस्ते होंगे। इसके बाद ही एसबीआई ने एफडी की ब्याज दर में कटौती का ऐलान किया।

## कोरोना के खिलाफ जंग में टाटा ग्रुप देगा 500 करोड़ रुपए



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश के प्रमुख उद्योग घराने टाटा ने कोरोना वायरस से निपटने के लिए 500 करोड़ रुपए देने की घोषणा की है।

टाटा ट्रस्ट के प्रमुख रतन एन. टाटा ने रविवार को कहा कि कोरोना महामारी से निपटने के लिए टाटा समूह, टाटा संस की कंपनियां और टाटा ट्रस्ट संकट के इस समय में समाज और सरकार के साथ है और इससे निपटने के लिए 500 करोड़ रुपए देने की घोषणा करते हैं। टाटा ने कहा कि इस राशि का इस्तेमाल चिकित्साकर्मियों और सहायक कर्मियों, पीड़ितों, इलाज के उपकरण और जांच किट खरीदने, पीड़ितों के लिए अस्पताल बनाने तथा चिकित्सा कर्मियों के प्रशिक्षण और जन जागरुकता के लिए किया जाएगा। आरपीजी ग्रुप के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने भी टाटा ग्रुप की तारीफ की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि टाटा ग्रुप संकट की घड़ी में हमेशा दूसरों से आगे खड़ा रहता है। इससे पहले मेदांता ग्रुप के अनिल अग्रवाल ने 100 करोड़ का ऐलान किया था। महिन्द्रा ग्रुप के आनंद महिन्द्रा ने कहा कि वह एक महीने की पूरी सैलरी देंगे।

## रेलवे ने चार दिन में की 1.6 लाख वैगन माल ढुलाई की

**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रेल ने कोरोना वायरस संकट के इस दौर में माल ढुलाई सेवाओं के जरिए देश के कोने-कोने तक आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के अभियान में पिछले 4 दिनों में 1.6 लाख से भी अधिक वैगनों माल ढुलाई की। इनमें से एक लाख से ज्यादा वैगनों के जरिए आवश्यक वस्तुओं की ढुलाई की गई। भारतीय रेलवे देश भर में खाद्यान्न, नमक, चीनी, दूध, खाद्य तेल, प्याज, फल-सब्जियों, पेट्रोलियम उत्पादों, कोयला एवं उर्वरक जैसी आवश्यक वस्तुओं की ढुलाई कर रही है।

## 25 करोड़ की दवाएं, सैनिटाइज़र उपलब्ध कराएगी सनफार्मा




**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** सन फार्मास्युटिकल्स इंडस्ट्रीज लि. ने भारत की कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में 25 करोड़ रुपये की दवाइयां और सैनिटाइजर देने की घोषणा की है। कंपनी ने शनिवार को बयान में कहा कि वह इस लड़ाई में अपनी ओर से हाइड्रोक्लोरोच्क्विन(एचसीक्यूएस) एजिथ्रोमाइसिन और अन्य संबंधित दवाइयां तथा सैनिटाइजर उपलब्ध कराएगी। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा कोविड-19 पर गठित राष्ट्रीय कार्यबल ने अधिक जोखिम वाली आबादी को संक्रमण से बचाव के लिए एचसीक्यूएस का 'रोगनिरोधक' के रूप में इस्तेमाल करने का सुझाव दिया है।

सनफार्मा ने इस महामारी से बचाव के लिए काम कर रहे चिकित्सकों और अन्य लोगों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उसने अपने विनिर्माण संयंत्र में बेहतर गुणवत्ता के हैंड सैनिटाइजर के उत्पादन की विशेष व्यवस्था की है। कंपनी ने कहा कि ये सैनिटाइजर स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को उपलब्ध कराए जाएंगे।

## मदर डेयरी ने फलों, सब्जियों की आपूर्ति बढ़ाकर 300 टन से अधिक की

**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर में फलों और सब्जियों की आपूर्ति दोगुना कर 300 टन प्रतिदिन कर दी है। कोरोना वायरस की वजह से देशभर में लॉकडाउन के मद्देनजर जरूरी चीजों की मांग काफी बढ़ गई है जिसके मद्देनजर कंपनी ने यह कदम उठाया है। शुक्रवार को मदर डेयरी ने 320 टन की आपूर्ति की। कंपनी इसे बढ़ाकर 400 टन प्रतिदिन करेगी। कंपनी को लॉजिस्टिक के मोर्चे पर कई दिक्कतें आ रही हैं। श्रमिकों की कमी है, परिवहन का मुद्दा है, कंपनी अपनी ओर पूरा प्रयास कर रही है।

## कोहली भारतीय टीम के बॉस : शास्त्री



**नईदिल्ली।** भारतीय टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि कप्तान विराट कोहली भारतीय क्रिकेट टीम के बॉस हैं क्योंकि वह खेल के सभी पहलुओं से टीम का नेतृत्व करते हैं।

शास्त्री स्काइ स्पोर्ट्स पोडकास्ट पर नासिर हुसैन के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, मेरा हमेशा से मानना है कि कप्तान बॉस होता है। कोचिंग स्टाफ की जिम्मेदारी खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ तरीके से तैयार करने की होती है।

ताकि खिलाड़ी मैदान पर जाकर बहादुर, सकारात्मक और निडर होकर क्रिकेट खेले। उन्होंने कहा, कप्तान आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व करता है। जी हां, हम उसका बोझ उतारने के लिए वहां रहते हैं, लेकिन मैदान पर पूरी जिम्मेदारी आप कप्तान पर ही छोड़ते हैं।

कप्तान खुद टीम के लिए कीर्तिमान स्थापित करता है और फिर अपने खिलाड़ियों को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। मैदान में पूरा शो वही नियंत्रित करता है। शास्त्री ने टीम की फील्डिंग और फिटनेस में सुधार का श्रेय भी कप्तान कोहली को देते हुए कहा, जब आप फिटनेस की बात करते हैं तो नेतृत्व ऊपर से आता है, जो विराट कोहली है।

कोच ने कहा, वह फालतू काम करने वालों में से नहीं है। वह एक सुबह उठा और बोला- अगर मैं इस खेल को खेलना चाहता हूं तो विश्व का सबसे फिट खिलाड़ी बनना पड़ेगा व सभी परिस्थितियों में सर्वश्रेष्ठ से प्रतिस्पर्धा करनी पड़ेगी। वह अपने शरीर को काफी कष्ट देकर ऐसा बनाया

## कोरोना वायरस के इलाज के लिये अपने अस्पतालों को तैयार कर रही एनटीपीसी



**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** सरकारी कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ अभियान में योगदान देने के लिये वह अपने अस्पतालों को संक्रमण के इलाज के लिये तैयार कर रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसके 45 अस्पतालों में पहले ही संक्रमित लोगों के अलग इलाज की सुविधा तैयार की जा चुकी है तथा कर्मचारियों के लिये पर्याप्त संख्या में उपकरण खरीदे जा चुके हैं। कंपनी ने कहा कि इन अस्पतालों में सभी सुविधाओं के साथ आइसोलेशन के लिये 121 बिस्तर तैयार किये जा चुके हैं। कंपनी ने कहा कि इनमें दिल्ली के बदरपुर में स्थित अस्पताल तथा ओडिशा के सुंदरगढ़ स्थित चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल राज्य सरकारों के इस्तेमाल के लिये तैयार किये जा चुके हैं।

## आज का राशिफल

*मेष:* आज आपकी राशि पर द्वितीय भाव में चंद्रमा तथा दशम भाव में शनि भी आ जाएगा।

*वृषभ:* आपकी राशि का स्वामी शुक्र उच्चाभिलाषी है। द्वादश भाव में बैठकर षष्ठम को संपूर्ण शुभ दृष्टि से देख रहा है।

*मिथुन:* द्वादश भाव में चंद्रमा और राशि से प्रथम भाव में मिथुन राशि का राहु आज आपको राज्य से सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा से अभिभूत करेगा।

*कर्क:* आपकी राशि पर धनु का बृहस्पति तथा एकादश भाव में चंद्रमा उत्तम संपत्ति और बहुत दिनों से रुके धन की प्राप्ति करा सकता है।

*सिंह:* आज आप अपने निकटवर्ती व अन्य लोगों की भावनाओं को पहचानें और उनके अनुसार चलने का प्रयास करें तो आपको आत्मसंतोष होगा।

*कन्या:* आपकी राशि से दशम राहू संचार कर रहा है, चंद्रमा आज नवम भाव में इष्ट मित्रों से निर्मूल विवाद तथा व्यर्थकारक है।

*तुला:* आज का दिन आपके लिए महान पुरषों से मेल जोल कारक है।

*वृश्चिक:* आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है।

*धनु:* आज का दिन मिश्रित फलकारक है। आप अपनी पुरानी देनदारियों से मुक्त हो सकते हैं।

*मकर:* आज आपकी राशि से पंचम का चंद्रमा पास व दूर की यात्रा तथा राज्य विजय कारक है।

*कुंभ:* राशि का स्वामी शनि द्वादश व्यय केंद्र में राजनितिक क्षेत्र में सफलता कारक है। पुण्य कार्यों पर भी व्यय हो सकता है।

*मीन:* राशि का स्वामी देवगुरु पिछले कई दिनों से धनु राशि का होकर नवम भाव में चल रहा है।

## घर में रहने वाले को बताया अक्षय ने सुपरस्टार



बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार का कहना है कि कोरोनावायरस की कड़ी को तोड़ने के लिए पूरे देश में किए गए लॉकडाउन की इस घड़ी में जो अपने घर में रहेगा।

वही सुपरस्टार होगा। अक्षय ने व्यापार विशेषज्ञ जोगिंदर टुटेजा के एक ट्वीट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही। दरअसल, जोगिंदर ने किसी एक वीडियो को ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने इस बारे में बात की कि किस तरह से टाइगर श्रॉफ रैंबो, हीरोपंती 2 और बागी 4 जैसी अपनी आने वाली फिल्मों से सुपरस्टार बनने के लिए तैयार हैं। इस पर अक्षय ने कहा, जोगिंदर तुम्हारी इस बात से मैं पूरी तरह से सहमत हूं कि टाइगर श्रॉफ आने वाले समय में धमाल मचाने वाले हैं, लेकिन इस वक्त एकमात्र वही व्यक्ति सुपरस्टार होगा, जो अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए घर में रहेगा। मैं हर एक से सुपरस्टार बनने की अपील करता हूं। अक्षय लगातार सोशल मीडिया पर 21 दिनों के लॉकडाउन के दौरान अपने सभी देशवासियों से घर में रहने और सरकार संग सहयोग करने का आग्रह करते नजर आ रहे हैं, कोरोना को जड़ से उखाड़कर इससे जंग को जीता जा सकें।

## नवरात्रि में साधना कर रही हैं कंगना रनौत



नवरात्रि के मौके पर कंगना रनौत अपने मनाली स्थित घर पहुंच गई हैं। कंगना ने कुछ दिन अपना बर्थडे भी यहीं सेलिब्रेट किया था और अब नवरात्रि में वह यहां साधना कर रही है। कंगना इस बार पूरे 9 दिनों तक बहन रंगोली के साथ व्रत रख रही हैं। हाल में कंगना की टीम के पेज पर एक विडियो भी शेयर किया गया है जिसमें कंगना किसी व्यक्ति के जीवन में साधना का महत्व बता रही हैं। विडियो के शुरुआत में कंगना कहती हैं कि वह एक सफल ऐक्ट्रेस होने के बावजूद साधना को क्यों महत्व देती हैं।

## जेडन ने अपने नए गाने क्या करूं का किया अनावरण




कलाकार साहिल शर्मा, जिन्हें उनके मंच नाम जेडन के नाम से भी जाना जाता है, वह अब एक अपना नया गीत लेकर आए हैं, जिसका शीर्षक क्या करूं है। यह गाना किशोरावस्था में मासूम प्यार के उनकी यादों पर आधारित है।

जडेन ने कहा, क्या करूं पहला गाना है, जिसके बोल मैंने लिखे हैं। इस गाने के लिए मैंने स्कूल की यादों को ताजा किया। मुझे उस वक्त एक लड़की बहुत पसंद थी और मुझे इस बात का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि इस बारे में क्या करूं। इस गीत को लिखने के लिए मुझे इस बात ने प्रेरित किया कि प्यार को बयां करने की एक ऐसे एहसास की मैं रचना करूं, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भाषाओं से जुड़ी बाधाओं को तोड़ दें। जडेन आगे कहते हैं, मुझे लगता है कि जिन्हें भी एक शांत और सुरीला गाना सुनना अच्छा लगता है, उन्हें यह गीत जरूर पसंद आएगा। मेरा मानना है कि स्कूल और कॉलेज में रहने के दौरान सभी इस दौर से होकर गुजरते हैं और इसी के चलते लोग इसके बोल से खुद को जोड़ पाएंगे।

## व्रत में हर दिन बनाएं कुछ नया, तो जानिए 'थालीपीठ' रेसिपी



**सामग्री :-**

साबूदना- आधा कप, पानी- एक कप, उबले आलू- दो मीडियम, सिंघाड़े का आटा- एक तिहाई कप, भूनी मूंगफली- चार बड़े चम्मच, हरी मिर्च- चार से पांच, सेंधा नमक- स्वादानुसार, कटा हरा धनिया- गार्निशिंग के लिए, नींबू का रस- डेढ़ चम्मच, तेल- सेंकने के लिए, सूखा सिंघाड़े का आटा- पलोथन के लिए

**विधि :-**

साबूदाने को 2-3 घंटे के लिए पानी में भिगो दें। फिर इसका पानी निकालकर अगर रख लें। अब एक बर्तन में साबूदाना, उबले और मसले हुए आलू, सिंघाड़े का आटा, कूटी हुई मूंगफली, हरी मिर्च, हरी धनिया और सेंधा नमक मिलाकर अच्छे से मिक्स करें। इसके साथ ही नींबू का रस भी मिला लें। तवा गरम होने के लिए रख दें। अब मिक्सचर से लोई बनाएं और इसे हाथों से थपथापकर बड़ा कर लेंगे। तवे पर घी लगाएं और जितना खाना हो उतनी थालीपीठ सेंक लें। एक थालीपीठ को सेंकने में 3-4 मिनट का समय लगेगा।


## शब्द सामर्थ्य- 75

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 74 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | बा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## सू-दोकू- 75

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.74 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |